**Fourteenth Loksabha**

**Session : 9**
**Date : 27-11-2006**

**Participants : Singh Shri Chandra Bhushan**

>

Title: Need to procure rice from Uttar Pradesh to avoid the shortage of food grains in the godowns of FCI.

**श्री चन्द्रभूाण सिंह (फ़र्रुखाबाद) :** महोदय, मैं सरकार का ध्यान भारतीय खाद्य निगम द्वारा विभिन्न खाद्य सामग्रियों की खरीद की तरफ आकर्िात करना चाहता हूं। यह सर्वविदित है कि विगत कई वार्ों से खाद्यान्न की उत्पादकता में या तो कमी आई है या उत्पादन स्थिर है। इसी वजह से इस वर्ा बाहर से गेहूं मंगाना पड़ा।

उपरोक्त परिस्थितियों के रहते हुए भी भारतीय खाद्य निगम खाद्यान्न खरीदने में ढिलाई बरत रहा है। विगत वर्ा उ0प्र0 में चावल खरीदने का कोटा बहुत कम रखा गया था। इस वर्ा अभी तक चावल खरीदने के लिए प्रदेश के लिए कोई कार्यक्रम नहीं बनाया गया। जबकि सर्वविदित है चावल खरीदने का काफी समय निकल चुका है। साथ ही साथ विगत वर्ा भारतीय खाद्य निगम ने जो चावल खरीदा भी था वह चावल रखने के लिए हर कमीशनरी में एक जगह की गोदाम में केन्द्रित कर दिया था। जबकि इससे पूर्व जिलों में ही गोदामों में व्यवस्था था, इससे सरकार के ऊपर ट्रांसपोर्ट का खर्चा भी नहीं पड़ता था।

चावल की कमी को दखते हुए मैं सरकार से अनुरोध करता हूं चावल की खरीद तुरंत करायी जाये तथा चावल गोदामों में रखने के लिए decentrialise व्यवस्था की जाये।